**21/02**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने ईटानगर स्थित डी.के. कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान - NIT के 12वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। समारोह में कुल तीन सौ इकहत्तर विद्यार्थियों को विभिन्न डिग्रियाँ प्रदान की गईं, जिनमें तीन सौ उन्नीस अंडर ग्रेजुएट, सात मास्टर डिग्री तथा सैतालीस पीएचडी डिग्रियाँ शामिल हैं। संस्थान में विभिन्न शाखाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विशाल राज, वंशिका मारवाहा, भुक्या नागेश्वरी, कुनीसेट्टी नरेंद्र और ज्योतिरंजन सतपथी को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। राज्यपाल ने स्नातकों से राष्ट्रीय आवश्यकताओं पर आधारित समस्या-समाधान की सोच विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने उन्हें अनुकूलनशीलता अपनाने और आजीवन सीखते रहने की सलाह दी। राज्यपाल ने कहा कि पंचानवे प्रतिशत प्लेसमेंट, सौ से अधिक कंपनियों की रुचि तथा संचार क्षेत्र में शोध के लिए 5G प्रयोगशाला की स्थापना सराहनीय है।

0000000000000000000000

पूर्वोत्तर उद्‌यमी सम्मेलन 2026 का आयोजन आज निरजुली स्थित नेरिस्ट के रजत जयंती सभागार में किया गया। यह सम्मेलन नॉर्थ ईस्ट बिजनेस फाउंडेशन द्‌वारा, नेरिस्ट के इंस्टीट्‌यूट इनोवेशन सेल के सहयोग से आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत में समावेशी उद्‌यमिता पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना था। इसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और जमीनी स्तर के नेतृत्वकर्ताओं ने भाग लिया तथा अपने विचार साझा करते हुए सहयोग और सतत विकास के अवसरों पर चर्चा की।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ इक्तीसवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समुचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार और NEWSONAIR मोबाइल ऐप पर भी प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्‌यूब चैनलों पर भी प्रसारित होगा। आकाशवाणी से हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

0000000000000000000000

सियाङ अपर मलटिपर्पस प्रोजेक्ट से संबंधित प्री-फीज़िबिलिटी रिपोर्ट की गतिविधियों को सुगम बनाने हेतु सितांग गांव के चौरासी में से अट्ठावन परिवारों ने अरुणाचल प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री ओजिङ तासिङ, SUPM के अध्यक्ष तामियो तागा, सियाङ उपायुक्त तायी ताग्गू, चीफ़ इंजिनीयर हाइड्रो पावर बेसिन, सियांग इंजिनीयर कारोम पर्मे, राज्य नोडल अधिकारी SUMP इंजिनीयर आतेक मियू सहित अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।

0000000000000000000000000

आंजाव जिले के काहो गांव को एकेडमी ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. कालीङ दाराङ और उनकी टीम ने आधिकारिक रूप से एडोप किया है। यह पहल राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टिबाधा नियंत्रण कार्यक्रम के सहयोग से 'निःशुल्क सार्वभौमिक नेत्र स्वास्थ्य कवरेज' मिशन के तहत की गई है। कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, चश्मों का वितरण, मोतियाबिंद की पहचान एवं सर्जरी से जुड़ी सहायता, स्कूलों में नेत्र स्वास्थ्य से जुड़ी कार्यक्रम तथा रोके जा सकने वाले अंधत्व के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।

0000000000000000000000000

दोइमुख स्थित राजीव गांधी विश्वविद्यालय के भाषा संकाय ने आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर दो विशेष व्याख्यानों का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अंग्रेज़ी एवं हिंदी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर असम विश्वविद्यालय, सिलचर के अंग्रेज़ी एवं विदेशी भाषा विभाग के प्रोफेसर दिपेंदु दास तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के डॉ. लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता ने व्याख्यान प्रस्तुत किए।

0000000000000000000000

अरुणाचल बेरोजगार पंजीकृत फार्मासिस्ट संघ (2025-2028) ने नाहरलागुन स्थित तोमो रीबा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विज्ञान संस्थान - ट्रीम्स के सम्मेलन कक्ष में अपना पहला स्थापना दिवस का आयोज किया। संघ के अध्यक्ष प्रीतम बागाङ ने कहा कि प्रत्येक फार्मेसी प्रैक्टिशनर का राज्य फार्मेसी परिषद में पंजीकृत होना अनिवार्य है, ताकि मालप्रेक्टीस को रोका जा सके और नैतिक फार्मेसी प्रथाओं को बढ़ावा मिले। उन्होंने बताया कि संघ ने राज्य की सुरक्षा के हित में नियमों के कड़ाई से पालन की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है।

0000000000000000000000

एवेन्यू फॉर जॉय फाउंडेशन ने बंदरदेवा स्थित न्योकुम सामुदायिक भवन में “प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण सह सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम” का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की डॉ. मार्ली एते का तकनीकी सत्र रहा, जिसमें उन्होंने प्राथमिक उपचार के महत्वपूर्ण प्रदर्शन किए। फाउंडेशन ने सामुदायिक सहयोग के तहत प्रतिभागियों को स्वच्छता किट और कंबल भी वितरित किए। यह पहल पापुम पारे जिला सड़क सुरक्षा परिषद और भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के सहयोग से आयोजित की गई।

0000000000000000000000000

और ICC T20 वर्ल्ड कप में, सुपर 8 स्टेज आज शुरू हुआ। सुपर 8 के पहले मैच में, न्यूज़ीलैंड का मुकाबला कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में पाकिस्तान से होना हैं किंतु बारीस के कारण खेल रुका हुआ है।

0000000000000000000000000